ग्राम वासियों को जन योजना पंचायत के विकास योजना और सरकारी योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी। ग्राम सभा जन योजना अभियान 2024-25 के तहत खुली ग्राम सभा कां आयोजन।

(पंचशील की अवधारणा)
संवाददाता हरि प्रकाश वर्मा

निघासन खीरी । ग्राम सभा जन योजना अभियान 2024-2025 के अंतर्गत निघासन ब्लॉक की दो पंचायतों, बरसोला कला और खमरिया कोईलार में आज खुली ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डी. पी. आर. ओ. विशाल सिंह ने ग्राम सभा की महत्तव और उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि खुली ग्राम सभाएं ग्रामीण विकास और योजनाओं के क्रियान्वयन में सहभागिता सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण मंच हैं। सभा में ग्रामवासियों को जन योजनाओं, पंचायत की विकास योजनाओं और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। DPRO ने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी पंचायत की योजनाओं में सक्रिय भूमिका निभाएं और विकास की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने पंचायत की सभी योजनाओं और उनके क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। ग्राम सभा में पंचायत के विभिन्न विभागों के अधिकारी, बारसोकला ग्राम प्रधान शमा परवीन, ग्राम प्रधान खमरिया कोलियार कलामुन निशा, पंचायत सचिव मोहम्मद आशिफ, और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। जिला डी.पी.एम अलोक वर्मा, विष्णु शिवम्, और इंजीनियर किशन पटेल ने भी सभा में हिस्सा लिया। इस दौरान, पंचायत के प्रधान और ट्रांसफार्मर रूरल इंडिया फाउंडेशन (TRIF) के प्रतिनिधियों ने पंचायतों की कार्ययोजना बनाने में सहयोग का उल्लेख किया। इस संबंध में आशुतोष ने बताया कि वर्तमान वर्ष में निघासन की सभी पंचायतों में विकासशील कार्ययोजना बनाने में सहयोग दिया जाएगा, जिससे सभी पंचायतों का बेहतर विकास हो सके। टी आर आई से सुमित और बीना ने सतत विकास लक्ष्य और संकल्प के बारे में जानकारी देते हुए GPDP (ग्राम पंचायत विकास योजना) की पूरी प्रक्रिया को समझाया। सभा के अंत में, एक विशेष कार्यक्रम के तहत "माँ" के नाम पर कई पेड़ लगाए गए, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। इसके साथ ही, 75 वर्ष से ऊपर के वृद्ध वरिष्ठ नागरिकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया, जिसमें उनकी सेवा और योगदान की सराहना की गई। स प्रकार की चर्चाएं और कार्यक्रम ग्रामीणों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने और उनके क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस कार्यक्रम ने ग्रामवासियों को योजनाओं में भागीदार बनने और अपने विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए श्री दिलदार खा, श्रीमती लालती देवी, श्री क्षत्रपाल, श्री अयोध्या प्रसाद को प्रोत्साहित किया गया ।